प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

30 सितंबर 2021

## बैंक ऋण का क्षेत्र-वार विनियोजन – अगस्त 2021

चुनिंदा 33 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से जुटाए गए बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन संबंधी आंकड़ें विवरण I और II में दिए गए हैं, जो अगस्त 2021 महीने के लिए सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा विनियोजित कुल खाद्येतर ऋण का लगभग 90 प्रतिशत होता है।

वर्ष-दर-वर्ष (व-द-व) आधार पर, खाद्येतर बैंक ऋण[1] वृद्धि अगस्त 2020 में 5.5 प्रतिशत की तुलना में अगस्त 2021 में 6.7 प्रतिशत रही।

**बैंक ऋण के क्षेत्र-वार विनियोजन की मुख्य बातें नीचे दी गई हैं :**

- कृषि और संबद्ध कार्यकलापों के लिए प्रदत्त ऋण में अच्छा प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें अगस्त 2020 में 4.8 प्रतिशत की तुलना में अगस्त 2021 में 11.3 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई है।
- उद्योग क्षेत्र में ऋण वृद्धि ने जोर पकड़ा, जो अगस्त 2020 में 0.4 प्रतिशत की तुलना में अगस्त 2021 में 2.3 प्रतिशत पर पहुंची। आकार के अनुसार देखें तो, मध्यम उद्योगों को प्रदत्त ऋण में पिछले साल के 4.4 प्रतिशत की तुलना में अगस्त 2021 में 63.4 प्रतिशत की जोरदार वृद्धि दर्ज की गई। सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को प्रदत्त ऋण में वृद्धि अगस्त 2021 में बढ़कर 10.1 प्रतिशत हो गई जिसमें एक साल पहले 1.1 प्रतिशत की कमी आई थी, जबकि बड़े उद्योगों को प्रदत्त ऋण में अगस्त 2021 में 1.7 प्रतिशत की कमी आई जिसमें एक साल पहले 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।
- उद्योग के भीतर, 'सभी इंजीनियरिंग', 'रसायन और रासायनिक उत्पादों', 'रत्न और आभूषण', 'इन्फ्रास्ट्रक्चर', 'खनन और उत्खनन', 'कागज और कागज के उत्पादों', 'पेट्रोलियम कोयला उत्पादों और परमाणु ईंधन', 'रबड़, प्लास्टिक और उसके उत्पादों' और 'कपड़ा' हेतु प्रदत्त ऋण में वृद्धि अगस्त 2021 में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में तेज हुई है। हालांकि, 'पेय पदार्थ और तंबाकू', 'मूल धातु और धातु उत्पादों', 'सीमेंट और सीमेंट उत्पादों', 'निर्माण', 'खाद्य प्रसंस्करण', 'कांच और कांच के बने पदार्थ', 'चमड़ा और चमड़े के उत्पादों', 'वाहन, वाहन के पुर्जों और परिवहन उपकरण' तथा 'लकड़ी और लकड़ी के उत्पादों' की ऋण वृद्धि में गिरावट/कमी आई है।

[1] खाद्येतर ऋण के आंकड़ें धारा – 42 विवरणी पर आधारित हैं, जिसमें सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (एससीबी) शामिल हैं।

- सेवा क्षेत्र को प्रदत्त ऋण में वृद्धि अगस्त 2020 में 10.9 प्रतिशत से अगस्त 2021 में घटकर 3.5 प्रतिशत रह गई, जो मुख्य रूप से एनबीएफ़सी और वाणिज्यिक स्थावर संपदा हेतु प्रदत्त ऋण में कमी आने की वजह से है।

- व्यक्तिगत ऋणों में एक साल पहले के 8.5 प्रतिशत की तुलना में अगस्त 2021 में 12.1 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई, जो प्रमुख रूप से आवास ऋणों, वाहन ऋणों एवं स्वर्ण आभूषण के बदले में प्रदत्त ऋणों में तेज वृद्धि होने की वजह से है।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक

**प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/959**